## राष्ट्रीय एकता दिवस

19.11.2018

आज दिनांक 19 नवम्बर 2018 को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का थीम "एक राष्ट्र श्रेष्ठ राष्ट्र" था। इसके अन्तर्गत एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें पंकज कुमार को प्रथम पुरस्कार दिया गया। भाषण प्रतियोगिता में सुनिल कुमार को प्रथम पुरस्कार दिया गया। पंकज कुमार ने गाँधीजी का राष्ट्रीय योगदान में उल्लेख किया। सत्यम कुमार ने सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान पर चर्चा किया। प्रो० अनिश भारती ने बताया कि हम राष्ट्रीय एकता दिवस माननीय प्रधानमंत्री स्व इन्दिरा गाँधी जी के जन्मोत्सव पर मनाते हैं। उन्होंने कहा किस तरह से गाँधी ने आम जनता को व सरदार पटेल ने सम्पूर्ण राष्ट्र को एक सूत्र में बाँधा। उन्होंने बताया कि हमें धर्म, जाति, रंग, व अन्य भेदभाव से ऊपर उठकर देश की एकजुटता के लिए आगे आना होगा हमें वोट के लिए हमें आपस में बाँटने वाले नेताओं को सबक सिखाना होगा उन्हें मजबूर करना होगा कि वो वोट की राजनीति कर देश को खंडित करने के बजाय विकास करने वालों को वोट देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम राष्ट्रीय स्वयं सेवकों का यह दायित्व है कि हम अपने सामाज में पनप रहे अलगाववाद, ऊँच-नीच, जातियता, अन्य धर्म के प्रति द्वेश के प्रति लोगों को जागरुक करना चाहिए।

अनिश भारती
19.11.18

PO NSS
B.N.M. College, Barhiya

Teacher's Signature ..................

Teacher's Signature ..................

